कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
**Distt.Legal Services Authority, Dantewada Chhattisgarh**
Phone- (07856) 252534,E-mail ID-dlsa.dantewada@gmail.com

# //नियुक्ति आदेश//

क्रमांक– 06 /LADCS/2024, दंतेवाड़ा दिनांक 08/05/2024

इस स्थापना द्वारा गठित चयन समिति द्वारा प्रेषित चयनित अभ्यर्थियो की सूची माननीय कार्यपालक अध्यक्ष महोदय एवं माननीय मुख्य संरक्षक महोदय द्वारा अनुमोदन पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु कार्यालय सहायक (वेतन–15,000/–रू. एकमुस्त), रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (वेतन–12,000/–रू. एकमुस्त), कार्यालय भृत्य/मुंशी (वेतन–9,000/–रू. एकमुस्त) पद के स्टाफ की पूर्णतया संविदात्मक नियुक्ति अस्थायी रूप से 01 वर्ष की अवधि दिनांक 01.05.2024 से 30.04.2025 के लिये निम्नलिखित शर्तों के अधीन नियुक्ति प्रदान की जाती है–

| क्रमांक | नियुक्त कर्मचारी का नाम व पता | पद | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 01 | संगीता सिन्हा, पति– श्री कमलेश कुमार ध्रुव पता– जोधापुर वार्ड, धमतरी तहसील एवं पो. धमतरी पिन नं.–493773 | कार्यालय सहायक | 15000/– रूपये एकमुश्त |
| 02 | हेमलता देवांगन पति श्री अमित पोपट पता– आंवराभाटा कोर्ट कॉलोनी के सामने मकान नं.–12, दंतेवाड़ा छ.ग. | रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 12000/– रूपये एकमुश्त |
| 03 | रामदेव मरकाम पिता– श्री फागूराम मरकाम पता– नक्सल पीड़ित पुलिस लाईन कारली दंतेवाड़ा, मकान नं.–6 पिन नं.–494347 | भृत्य/मुंशी | 9000/– रूपये एकमुश्त |

## नियुक्ति की शर्तेः—

1. चयनित अभ्यर्थी को आवश्यक रूप से पदभार ग्रहण करते समय मूल शैक्षणिक दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दंतेवाड़ा (छ0ग0) में प्रस्तुत करना होगा।

2. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतया संविदात्मक है, जिनका कार्यकाल/कार्यवधि नालसा के दिशा—निर्देशों के अनुसार ही निर्धारित किया जावेगा।

3. चयनित अभ्यर्थियों मे से यदि कोई पदभार ग्रहण नहीं करता है या पदभार ग्रहण करने के पश्चात् अपने पद से त्याग पत्र दे देता है तो उस स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वरीयता सूची के अनुसार उक्त पदों हेतु पृथक—पृथक तैयार की गई प्रतीक्षा सूची मे से वरीयता के आधार पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से अनुमोदन पश्चात् संविदात्मक नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी।

4. चयनित अभ्यर्थी द्वारा नालसा के पत्र कमांक एल/20/2019—नालसा दिनांक 24/08/2022 के साथ संलग्न दिशा—निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा, तथा उसी के अनुसार उनकी सेवा भी समाप्त की जा सकेगी।

5. चयनित अभ्यर्थी नालसा का पत्र कमांक F.N.L./20/2019-NALSA dated 11-02-2023 एवं पत्र कमांक F.N.L./20/2019-NALSA dated 14-02-2023 एवं लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित स्कीम 2022 के प्रावधानों के अधीन निर्धारित किये गये कार्यो को संपादित करेंगे, कार्य संतोषजनक नहीं होने पर, अथवा कर्तव्य पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर तथा आपराधिक/राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने पर भी, उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जावेगी।

6. चयनित अभ्यर्थी लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम संशोधित स्कीम 2022 में प्रावधानित अनुसार लीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय के कार्य हेतु निर्धारित आचार संहिता का पालन अनिवार्यतः करेंगे।

7. चयनित अभ्यर्थी, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक F.No.L.-27/2022-NALSA9Part File)/4678-4714 dated 27/03/2024 के द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे, जिसके अनुसार वह उक्त पदों पर सरकारी वेतन, भत्ते या अनुलाभों को नियमित किये जाने अथवा नियमित वेतनमान प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेंगा। यह. भी स्पष्ट किया जाता है कि चयनित अभ्यर्थी को किया गया भुगतान, मानदेय के रूप में हैं, या स्टिेनरशिप के आधार पर है, वेतनभोगी के रूप में नही है।

8. संविदात्मक नियुक्ति हेतु नियम व शर्ते जो भी लागू करने हेतु आवश्यक होगें, माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपने स्तर पर निर्धारित कर सकते है।

9. चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी होने के दिनांक से अधिकतम 15 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा।

10. यह नियुक्ति आदेश चयनित अभ्यर्थियों के उपलब्ध निवास के पते पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित की जा रही है, साथ ही जिला न्यायालय दंतेवाड़ा, छ0ग0 के वेबसाईट dantewada.court@gov.in पर भी अपलोड की जा रही है, चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाईट से डाउनलोड करके अपना कार्यभार ग्रहण कर सकते है।

09/5/2024

अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग.

**प्रतिलिपिः–**

पृष्ठांकन क्रमांक– 503 / LADCS / 2024 दन्तेवाड़ा दिनांक– 09 / 05 / 2024

1– माननीय सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.) को ज्ञापन क्रमांक–1328/LADCS-23/2024 Bilaspur, Date 03-05-2024 के परिपालन में।

2— माननीय प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला— रायपुर छ0ग0।

3— सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

4— बजट / लेखा / देयक शाखा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर छ0ग0।

5— स्थापना शाखा, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर छ0ग0।

6— **श्रीमती संगीता सिन्हा, पति श्री कमलेश कुमार ध्रुव**, जोधपुर वार्ड, धमतरी तहसील एवं पोस्ट धमतरी (छ.ग.) पिन नं.—493773।

7— **श्रीमती हेमलता देवांगन, पति श्री अमित पोपट**, आंवराभाटा कोर्ट कॉलोनी के सामने मकान नं.—12 दन्तेवाड़ा (छ.ग.) ।

8— **श्री रामदेव मरकाम, पिता श्री फागूराम मरकाम**, नक्सल पीड़ित पुलिस लाईन कारली, मकान नं.—06 दन्तेवाड़ा (छ.ग.) पिन नं.—494347।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

9/5/24

अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग.